# राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

**जीवणराम बनाम राज महावीर सिंह**

714/2025

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 24/04/2026 | पत्रावली प्रस्तुत हुई \| अधिवक्ता अपीलार्थी उपस्थित \| अधिवक्ता रेस्पो. अनुपस्थित \| उन्हें निरन्तर आवाजे लगवायी गयी किन्तु वे अनुपस्थित रहे \| अधिवक्ता अपीलार्थी की एकपक्षीय मौखिक बहस पत्रावली पर सुनी गयी \| अधिवक्ता रेस्पो. को उपस्थित होकर बहस पत्रावली हेतु दिनांक 27/04/2026 को पेश हो \| | |
| 27/04/2026 | पत्रावली प्रस्तुत हुई \| अधिवक्ता अपीलार्थी उपस्थित \| अधिवक्ता रेस्पो. अनुपस्थित \| उन्हें निरन्तर आवाजे लगवायी गयी किन्तु वे अनुपस्थित रहे \| अधिवक्ता रेस्पो. पूर्व में भी अनुपस्थित रहे \| अधिवक्ता अपीलार्थी की बहस पूर्व में सुनी जा चुकी है \| अत: पत्रावली निर्णय हेतु रिजर्व की जाती है \| पत्रावली वास्ते निर्णय हेतु दिनांक 28/04/2026 को पेश हो \| | |
| 28/04/2026 | आज यह पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई \| संक्षेप में तथ्य प्रकरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष एव वाद बाबत दावा तकासमा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का पेश किया, जिसे अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दर्ज किया जाकर प्रतिवादीगण को नोटिस जारी किये गये \| तत्पश्चात अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष प्रतिवादीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 07 नियम 11 सी.पी.सी. का पेश किया, जिस पर वादी/अपीलार्थी ने अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष जवाब प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 07 नियम 11 सी.पी.सी. का पेश कर प्रार्थना पत्र ख़ारिज किये जाने का निवेदन किया गया \| जिस पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अधिवक्ता उभयपक्षकारान की बहस प्रार्थना पत्र अन्तर्गत अ  श 07 नियम 11 सी.पी.सी. पर समायत कर अपीलाधीन निर्णय दिनांक 16/04/2025 पारित करते हुये प्रतिवादीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 07 नियम 11 सी.पी.सी. पोषणीय व साबित होने के आधार पर वादी का वाद ख़ारिज फरमा दिया गया \| जिससे व्यथित होकर अपीलार्थी द्वारा इस न्यायालय के समक्ष यह अपील प्रस्तुत की गयी है \| जिस पर अधिवक्ता उभयपक्ष की मौखिक बहस पत्रावली पर सुनी गयी \|<br><br>अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर गौर किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया \| उद्धरित तथ्यों के परिपेक्ष्य में अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का मय अपीलाधीन निर्णय व डिक्री अवलोकन किये जाने से यह जाहिर होता है कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा वाद का समुचित अध्ययन कर प्रकरण के तथ्यों के आधार पर प्रार्थना पत्र आदेश 07 नियम 11 सीपीसी स्वीकार कर अपीलाधीन निर्णय व डिक्री के माध्यम से वादी/अपीलार्थी के वाद को ख़ारिज किया गया है, जिसमे कोई तथ्यात्मक एवं विधिक त्रुटी प्रतीत नही होती है \| ऐसी स्थिति में | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 714/2025 | अपीलाधीन निर्णय व डिक्री विधिसम्मत प्रतीत होने से उसमे कोई हस्तक्षेप किया जाना न्यायोचित्त प्रतीत नही होता है। | |

अत: उपरोक्त विवेचन के आधार पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित अपीलाधीन निर्णय व डिक्री दिनांक 16/04/2025 यथावत रखे जाकर अपील अपीलार्थी अस्वीकार कर ख़ारिज की जाती है।

पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 28/04/2026 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।